विकसित भारत @ 2024 बिषय पर टॉक शो

आईआईएमः विकसित भारत@2047 पर टॉक सीरीज की मेजबानी की

रांची| भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची ने मंगलवार को 2047 तक एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र के लिए भारत के दृष्टिकोण, विकसित भारत @2047 के साथ ऊर्जा परिवर्तन पर टॉक सीरीज की मेजबानी की। कोल इंडिया के प्रमोद अग्रवाल व विजिटिंग प्रोफेसर आईआईएम रांची शामिल हुए।

Dainik Bhaskar_17.01.2024_Pg. 04

नए विचारों को गति देने पर आईआईएम रांची में मंथन

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची में वर्ष 2047 तक एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र के लिए भारत के दृष्टिकोण, विकसित भारत ऐट 2047 के साथ ऊर्जा परिवर्तन को संरेखित करने पर मंगलवार को एक चर्चा आयोजित की गई। इसमें प्रमोद अग्रवाल, आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक-कोल इंडिया लिमिटेड और विजिटिंग प्रोफेसर- आईआईएम रांची ने हिस्सा लिया। सत्र की शुरुआत आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने की। उन्होंने नए विचारों को बढ़ावा देने और विकास को गति देने में ऐसी चर्चाओं के महत्व पर जोर दिया। प्रमोद अग्रवाल ने वर्तमान परिवर्तन, चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा करते हुए ऊर्जा क्षेत्र में अपने लंबे अनुभव को साझा किया।

Hindustan_17.01.2024_Pg. 06

बिजली का उपयोग कम करने पर जोर दें : अग्रवाल

रांची. आइआइएम रांची में मंगलवार को विकसित भारत @ 2047 विषय पर टॉक शो हुआ. निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने अध्यक्षता करते हुए देश में ऊर्जा परिवर्तन और विकसित व समृद्ध राष्ट्र में ऊर्जा की उपयोगिता पर अपनी राय रखी. शो में कोल इंडिया लिमिटेड के पूर्व सीएमडी प्रमोद अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में वर्तमान परिवर्तन, चुनौतियों और संभावनाओं पर प्रकाश डाला.बिजली का कम उपयोग करने पर जोर दिया.

Prabhat Khabar_17.01.2024_Pg. 11